

# श्रेया घोषाल का नया लग्जरी आशियाना

बॉलीवुड और म्यूजिक इंडस्ट्री के सितारे अक्सर अपनी लग्जरी लाइफस्टाइल को लेकर चर्चा में रहते हैं. महंगे घर, शानदार लोकेशन और हाई-एंड सुविधाएं ये सब उनकी लाइफ का हिस्सा बन चुके हैं. अब इसी लिस्ट में एक और बड़ा नाम जुड़ गया है, और वह हैं श्रेया घोषाल

अपनी सुरीली आवाज से लाखों दिलों पर राज करने वाली श्रेया घोषाल ने अब मुंबई के पॉश इलाके वर्ली में एक शानदार अपार्टमेंट खरीदा है. करीब 29.7 करोड़ रुपये की कीमत वाला यह घर न सिर्फ उनकी सफलता की कहानी बयां करता है, बल्कि उनकी लग्जरी लाइफस्टाइल को भी दर्शाता है.

खास बात यह है कि इस हाई-प्रोफाइल इलाके में पहले से ही कई बड़े सितारों के घर मौजूद हैं, जिससे यह लोकेशन और भी खास बन जाती है. ऐसे में श्रेया का यहां घर खरीदना उनके स्टेटस और पॉपुलैरिटी को और मजबूत करता है.

फैंस के लिए भी यह खबर काफी दिलचस्प है, क्योंकि वे अपनी पसंदीदा सिंगर की पर्सनल लाइफ से जुड़ी हर अपडेट जानने के लिए उत्सुक रहते हैं. श्रेया घोषाल की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत रियलिटी शो 'सारेगामापा' से की थी, जहां से उन्हें पहचान मिली. इसके बाद उन्होंने 'देवदास' फिल्म के गाने 'बैरी पिया' से बॉलीवुड में कदम रखा और देखते ही देखते वह इंडस्ट्री की टॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं. आज श्रेया घोषाल सिर्फ हिंदी ही नहीं, बल्कि कई भाषाओं में गाने गाकर अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं. उनका यह नया घर उनकी सफलता और मेहनत का प्रतीक है.

अब फैंस को उम्मीद है कि श्रेया अपने नए घर में नई शुरुआत के साथ और भी शानदार गाने लेकर आएंगी. उनकी यह उपलब्धि यह भी दिखाती है कि टैलेंट और मेहनत के दम पर कोई भी कलाकार अपने सपनों को हकीकत में बदल सकता है.



# 'हक' ने दिलाया सम्मान

**यामी** गौतम इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं. एक तरफ जहां उनकी फिल्म 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है, वहीं दूसरी ओर उनकी फिल्म 'हक' के लिए मिला बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड उनके करियर का एक बड़ा टर्निंग पॉइंट बनकर सामने आया है.

लंबे समय से यह सवाल उठता रहा है कि यामी गौतम जैसी प्रतिभाशाली अभिनेत्री को इंडस्ट्री में वह पहचान क्यों नहीं मिल रही, जिसकी वह हकदार हैं. कई बार उनकी फिल्मों को सराहना मिली, लेकिन अवॉर्ड्स के मामले में वह पीछे रह गईं. यही वजह है कि सोशल मीडिया पर भी फैंस लगातार उनके सपोर्ट में आवाज उठाते रहे.

हाल ही में हुए अवॉर्ड शो में जब यामी गौतम का नाम बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर अनाउंस किया गया, तो यह सिर्फ एक जीत नहीं बल्कि एक तरह से उस धारणा का जवाब भी था कि इंडस्ट्री में केवल बड़े नामों को ही प्राथमिकता दी जाती है. इस बार उन्होंने आलिया भट्ट और कृति सैनन जैसी चर्चित अभिनेत्रियों को पीछे छोड़ते हुए यह खिताब अपने नाम किया. दिलचस्प बात यह भी है कि इससे पहले अवॉर्ड्स को लेकर कई बार विवाद भी सामने आए थे. खासकर तब, जब कुछ अवॉर्ड्स ऐसे कलाकारों को मिले जिनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाईं. ऐसे में यामी की यह जीत फैंस के लिए किसी जीत से कम नहीं है. यामी गौतम खुद भी कई बार यह कह चुकी हैं कि उन्हें अवॉर्ड्स से ज्यादा दर्शकों का प्यार मायने रखता है. उनके अनुसार, असली पहचान वही है जो जनता देती है. हालांकि, इस बार मिला यह अवॉर्ड उनके करियर में एक नई ऊर्जा लेकर आया है.

अब देखना दिलचस्प होगा कि इस बड़ी जीत के बाद यामी गौतम अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स में किस तरह का जादू दिखाती हैं, लेकिन इतना तय है कि उन्होंने यह साबित कर दिया है कि असली टैलेंट को देर-सबेर उसका 'हक' जरूर मिलता है.

# सलमान ने शेयर किए दिल छू लेने वाले पल


**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान ने एक बार फिर अपने पालतू जानवर के साथ अपनी ताज़ा तस्वीरों से ऑनलाइन सबका दिल जीत लिया है, जिसे उन्होंने प्यार से 'माय सुख' (मेरा सुख) कहा है.

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए ये अनौपचारिक पल सलमान का एक नरम और प्यारा पक्ष दिखाते हैं, जिससे फैंस का मन नहीं भर रहा है.सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए सलमान खान ने लिखा, '3:55 – माय सुख'.

जानवरों के प्रति अपने गहरे लगाव के लिए जाने जाने वाले सलमान खान हमेशा से अपने पालतू जानवरों के लिए अपना प्यार जाहिर करते रहे हैं. पिछले कुछ सालों में, उनके पास कई डॉग्स रहे हैं जो उनकी ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन गए, जिनमें माइसन, मायलव और मायजान शामिल हैं. उनके नए साथी 'सुख' ने भी उनकी ज़िंदगी में वही खास जगह बना ली है, जिससे सलमान की अपने पेट्स को परिवार की तरह मानने की पुरानी परंपरा जारी है.

तस्वीरों से सादगी और अपनापन झलक रहा है, जो सलमान और उनके इस प्यारे साथी के बीच के असली रिश्ते को बखूबी दिखाती हैं.

सलमान खान अब 'मातृभूमि: मे वार रेस्ट इन पीस' में नज़र आएंगे, जिसे सलमान खान



फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान ने प्रोड्यूस किया है और अपूर्व लाखिया इसके डायरेक्टर हैं. यह फिल्म बहादुरी, त्याग और हिम्मत की एक सच्ची कहानी पेश करने का वादा करती है. फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी एक अहम रोल में हैं.


# फिल्म 'भूत बंगला' का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और फिल्मकार प्रियदर्शन की आने वाली फिल्म 'भूत बंगला' का ट्रेलर रिलीज हो गया है.

चार्ट-बस्टर गाने, दिलचस्प पोस्टर और एक प्रॉमिसिंग टीज़र दिखाने के बाद, मेकर्स ने 'भूत बंगला' का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है.अक्षय कुमार, परेश रावल और राजपाल यादव की 'गोल्डन तिकड़ी' के साथ असरानी के कॉमेडी के तड़के ने इस ट्रेलर से सबका दिल जीत लिया है और खूब हंसाया भी है.

'भूत बंगला' 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जो 14 साल बाद बॉलीवुड की आइकॉनिक एक्टर-डायरेक्टर जोड़ी, अक्षय कुमार और प्रियदर्शन को वापस ला रही है.

केप ऑफ गुड फिल्म्स के सहयोग से बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड की एक डिवीजन, बालाजी मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत 'भूत बंगला', में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव, जीशु सेनगुप्ता और मिथिला पालकर नज़र आएंगे. प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित और अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर द्वारा प्रोड्यूस की



गई इस फिल्म के 'एडवांस पेड प्रिव्यूज' 16 अप्रैल 2026 की रात नौ बजे से सिनेमाघरों में शुरू होंगे.


# 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फिल्म

## धुरंधर : द रिवेंज

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर: द रिवेंज ने भारतीय बाजार में 1013 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है. आदित्य धर के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर की सीक्वल धुरंधर: द रिवेंज


का जलवा बरकरार है. हर दिन फिल्म पर करोड़ों रुपए की बारिश हो रही है.

रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों को खूब पसंद आ रही है.फिल्म का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है. इस फिल्म में रणवीर सिंह, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, राकेश बेदी और सारा अर्जुन की अहम भूमिका है.



सैकनिल्क के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 'धुरंधर: द रिवेंज' ने पेड प्रीव्यू के दौरान 18 मार्च को फिल्म ने 43 करोड़ रूपये की कमाई की. फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताह भारतीय बाजार में 674.17 करोड़ की धमाकेदार कमाई की. फिल्म ने दूसरे सप्ताह में 263.65 करोड़ की जोरदार कमाई की. फिल्म ने भारतीय बाजार में 16वें दिन 21.55 करोड़, 17वें दिन 25.65 करोड़ और 18वें दिन 28.75 करोड़ रूपये का कारोबार किया.इस फिल्म 18 दिनों में भारतीय बाजार में 1013.77 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है.

# कलाकारों ने साझा किया अटूट भाई-बहन के रिश्ते का जादू



**भाई**-बहनों का रिश्ता जीवन के सबसे अनमोल उपहारों में से एक होता है. यह रिश्ता प्यार, हंसी, नोकझोंक और अटूट साथ से भरा होता है. वे हमारे पहले दोस्त, सबसे बड़े प्रतिस्पर्धी और जीवनभर साथ निभाने वाले साथी होते हैं, जो हमें आकार देते हैं. जैसे-जैसे सिब्लिंग्स डे नज़दीक आता है, यह इन खास रिश्तों को मनाने और यादों को संजोने का समय है. × ञ्झ्क्ष् के कलाकार सीरत कपूर (सावी, घरवाली पेडवाली) और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाभी, भाभीजी घर पर हैं 2.0) अपने भाई-बहनों के साथ अपने खूबसूरत रिश्ते के बारे में बताते हैं और यह रिश्ता कैसे उन्हें जीवन में प्रेरित करता है.

सीरत कपूर, जो घरवाली पेडवाली में सावी का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, 'मेरा छोटा भाई सिर्फ मेरा परिवार नहीं है; वह मेरा सबसे बड़ा सपोर्टर और हमेशा सकारात्मकता देने वाला साथी है. बचपन में हमने साथ में कई सपने देखे, छोटी-छोटी लड़ाइयाँ कीं और यादगार पल बिताए.

**टेलीविजन हलचल**

# 'तुम से तुम तक' में 'शोले' वाला अंदाज़

**ज़ी** टीवी का शो 'तुम से तुम तक' अपनी दिलचस्प कहानी और नए अंदाज़ के साथ दर्शकों को लगातार बांधे हुए है. इसी कड़ी में शो ने हाल ही में एक खास सीन के जरिए हिंदी सिनेमा की आइकॉनिक फिल्म 'शोले' के एक यादगार पल को अपने अंदाज़ में पेश किया. इस सीन में पुरानी यादों का एहसास भी है और आज के दौर का नया टच भी, जो कहानी को और खास बनाता है.

यह सीन आर्या का किरदार निभा रहे शरद केलकर और अनु का किरदार निभा रहीं निहारिका चौकसे की दुनिया में बहुत ही सहज तरीके से पिरोया गया है. मस्ती और सादगी से भरा यह पल शो के सामान्य



माहौल से थोड़ा अलग नजर आता है और दर्शकों को एक ताज़गी भरा एहसास देता है. यही खास बात इस सीन को अलग बनाती है, जहां एक तरफ पुराने सिनेमा की यादें जुड़ी हैं, वहीं दूसरी तरफ आज की कहानी के साथ इसका अच्छा मेल भी दिखता है.

इस सीन को शूट करने के अपने अनुभव के बारे में 'तुम से तुम तक' में अनु का किरदार निभा रहीं निहारिका चौकसे कहती हैं, 'इस सीन को शूट करना सच में बहुत मजेदार था.



# डिजायर बनी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों की लिस्ट सामने आ गई है. इस सूची में मारुति सुजुकी की कॉम्पैक्ट सेडान डिजायर ने टॉप पोजीशन हासिल की है और टाटा नेक्सॉन और हुंडई क्रेटा जैसी लोकप्रिय गाड़ियों को पीछे छोड़ दिया. डिजायर की इस सफलता का मुख्य कारण इसकी शानदार माइलेज, सेफ्टी और कंफर्ट है. मारुति डिजायर ने बीते वित्त वर्ष में कुल 2,29,130 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो वित्त वर्ष 2025 में 1,65,021 यूनिट्स के मुकाबले 38.85 प्रतिशत अधिक है. इस तरह डिजायर न केवल अपने सेगमेंट में बल्कि पूरे भारतीय बाजार में ग्राहकों की पसंद बनी रही.

दूसरे नंबर पर टाटा नेक्सॉन रही, जिसकी कुल बिक्री 2,16,054 यूनिट्स रही. यह सब-4 मीटर कॉम्पैक्ट एसयूवी वित्त वर्ष 2026 में 32.48 प्रतिशत की शानदार ग्रोथ दिखाने में सफल रही. टाटा नेक्सॉन की बढ़ती लोकप्रियता इसे युवा और परिवार दोनों के बीच पसंदीदा बनाती है.

तीसरे स्थान पर रही हुंडई क्रेटा, जिसकी कुल बिक्री 2,01,921 यूनिट्स रही. हालांकि क्रेटा की वार्षिक ग्रोथ केवल 3.62 प्रतिशत रही, लेकिन 2 लाख यूनिट्स से अधिक बिक्री इसे भारतीय बाजार में बेहद पॉपुलर बनाती है.

इसके अलावा मारुति सुजुकी अर्टिगा 1,98,876 यूनिट्स के साथ चौथे स्थान पर, मारुति सुजुकी स्विफ्ट 1,85,349 यूनिट्स के साथ पांचवें, टाटा पंच 1,83,980 यूनिट्स के साथ छठे, मारुति सुजुकी वैगनआर 1,80,134 यूनिट्स के साथ सातवें, स्थान पर रही.

# एमजी मेजेस्टर जल्द भारत में

भारत के ऑटोमोबाइल बाजार में एक बार फिर हलचल तेज होने वाली है, क्योंकि एमजी मोटर्स अपनी नई दमदार एसयूवी एमजी मेजेस्टर को इसी महीने लॉन्च करने की तैयारी में है. जानकारी के मुताबिक, इस गाड़ी को करीब 20 अप्रैल के आसपास भारतीय बाजार में उतारा जा सकता है. डी प्लस सेगमेंट में आने वाली यह एसयूवी सीधे तौर पर प्रीमियम और ताकतवर गाड़ियों को टक्कर देने के इरादे से लाई जा रही है.

अगर फीचर्स की बात करें तो एमजी मेजेस्टर को आधुनिक तकनीक और लग्जरी सुविधाओं से लैस किया गया है. इसमें 12.3 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम, 360 डिग्री कैमरा, जेबीएल का ऑडियो सिस्टम, एंबिएंट लाइटिंग, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और पैनोरमिक सनरूफ जैसी सुविधाएं दी गई हैं. इसके अलावा वेंटिलेटेड सीट, मसाज सीट और लेवल 2 एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसे फीचर्स इसे और खास बनाते हैं. गाड़ी में 19 इंच के अलॉय व्हील्स और रियर कनेक्टेड टेल लाइट जैसी डिजाइन एलिमेंट्स भी दिए गए हैं, जो इसे प्रीमियम लुक देते हैं.

इंजन की बात करें तो इसमें 2 लीटर का टर्बो इंजन दिया गया है, जो लगभग 213 बीएचपी की पावर और 478 न्यूटन मीटर का टॉर्क जनरेट करता है. इसके साथ 8 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन और 4м4 ड्राइव सिस्टम भी मिलेगा, जिससे यह गाड़ी ऑफ रोडिंग के लिहाज से भी काफी सक्षम मानी जा रही है.



कीमत को लेकर अभी कंपनी ने आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी एक्स शोरूम कीमत 40 से 50 लाख रुपये के बीच हो सकती है. खास बात यह है कि लॉन्च से पहले ही इस एसयूवी की प्री रिजर्वेशन शुरू हो चुकी है, जिससे ग्राहकों में इसकी मांग का अंदाजा लगाया जा सकता है.

भारतीय बाजार में लॉन्च के बाद एमजी मेजेस्टर का सीधा मुकाबला टोयोटा फॉर्च्यूनर लेजेंडर, स्कोडा कोडिएक और फॉक्सवैगन टायरॉन आर-लाइन जैसी लोकप्रिय एसयूवी से होगा.



# नई टाइगुन में नए फीचर्स और डिजाइन

भारत के ऑटोमोबाइल बाजार में इस हफ्ते एक बार फिर उत्साह बढ़ने वाला है, क्योंकि वाहन निर्माता फॉक्सवैगन अपनी मिड-साइज़ एसयूवी फॉक्सवैगन टाइगुन फेसलिफ्ट का फेसलिफ्ट वर्जन भारतीय बाजार में लॉन्च करने जा रही है. जानकारी के अनुसार, यह नई एसयूवी नौ अप्रैल को ग्राहकों के सामने पेश की जाएगी.

फेसलिफ्ट वर्जन में पुराने मॉडल की तुलना में कई बड़े बदलाव और नए फीचर्स दिए गए हैं, जिससे यह एसयूवी और अधिक आकर्षक और सुरक्षित हो जाएगी.

नई फॉक्सवैगन टाइगुन फेसलिफ्ट में सबसे पहले नजर आएंगे नए डिजाइन वाले बंपर, एलईडी हेडलाइट, नई फ्रंट ग्रिल और रियर लाइट का नया रूप. इसके अलावा इंटीरियर को भी पूरी तरह से अपग्रेड किया गया है. इसमें बेहतर सूचना-मनोरंजन तंत्र, उन्नत चालक सहायता प्रणाली, और कई अन्य आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं, जो इसे तकनीकी रूप से काफी सक्षम बनाती हैं. फॉक्सवैगन ने इस फेसलिफ्ट में स्टाइल और सुरक्षा दोनों का ध्यान रखा है, जिससे यह युवा और परिवार दोनों के लिए उपयुक्त गाड़ी बनती है.

इंजन की बात करें तो फेसलिफ्ट वर्जन में कोई बदलाव नहीं किया गया है. इसमें पहले की तरह ही एक लीटर का पेट्रोल इंजन और 1.5 लीटर क्षमता वाला इंजन मिलेगा. दोनों इंजन में छह गति वाला मैनुअल ट्रांसमिशन और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प उपलब्ध होंगे. इस प्रकार यह एसयूवी प्रदर्शन और ईंधन दक्षता के मामले में पुराने वर्जन की तरह ही संतोषजनक बनी रहेगी. कीमत को लेकर फॉक्सवैगन ने अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह फेसलिफ्ट वर्जन मौजूदा मॉडल की कीमत के आसपास ही रहेगा. ग्राहकों के लिए यह फेसलिफ्ट वर्जन कई नए फीचर्स और आकर्षक डिजाइन के साथ उपलब्ध होने वाला है.

# 2026 रॉयल एनफील्ड हंटर 350 लॉन्च

रॉयल एनफील्ड ने अपनी सबसे किफायती मोटरसाइकल हंटर 350 का 2026 अपडेटेड मॉडल भारत में लॉन्च कर दिया है. इस नए वर्जन में खासतौर पर बेस प्रीमियम वेरिएंट पेश किया गया है, जिसमें पहले से बेहतर फीचर्स और आकर्षक कलर ऑप्शन शामिल हैं. टर्मैक ब्लैक में उपलब्ध यह वेरिएंट अब ग्राहकों को अलॉय पहिये, सिंगल चैनल एबीएस, नया डिजिटल-एनालॉग इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और रोटरी स्विचगियर देता है, जिससे बाइक को एक प्रीमियम और रेट्रो लुक मिलता है. लॉन्चिंग कार्यक्रम हंटरहुड की शुरुआत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुई. बेस प्रीमियम वेरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 1,49,900 रुपये रखी गई है. वहीं टॉप वेरिएंट के लिए मुंबई येलो और मूनशॉट वाइट जैसे नए रंगों में कीमत 1,69,804 रुपये है. रॉयल एनफील्ड ने इस वेरिएंट के जरिए युवाओं और शहरों के ग्राहकों की पसंद का ध्यान रखा है.



नई हंटर 350 में स्पोक रिम्स की जगह अलॉय व्हील्स का इस्तेमाल किया गया है, जिससे बाइक का लुक और परफॉर्मेंस दोनों बेहतर हुए हैं. इसके साथ ही नई स्टिच्ड सीट, स्पोर्टी ग्रैब रेल और स्लिप एंड असिस्ट क्लच जैसे फीचर्स बाइक की सुरक्षा और सवारी अनुभव को और बेहतरीन बनाते हैं.

रॉयल एनफील्ड के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर यदविंदर सिंह गुलेरिया के अनुसार, बेस प्रीमियम वेरिएंट से हंटर की पेशकश मजबूत होगी और यह मोटरसाइकल न केवल बड़े शहरों में, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण बाजार में भी लोकप्रिय होगी. नए कलर ऑप्शन जैसे मुंबई येलो और मूनशॉट वाइट बाइक को और आकर्षक बनाते हैं, जो खासकर युवा राइडर्स को आकर्षित करेंगे. 2026 हंटर 350 का यह अपडेटेड मॉडल रोजमर्रा की राइडिंग अनुभव को आसान और सुरक्षित बनाने के लिए तैयार किया गया है. कंपनी का मकसद इस बाइक के जरिए अपने ग्राहकों को प्रीमियम फीचर्स और रेट्रो लुक का संतुलन देना है. बेस प्रीमियम वेरिएंट के आने से हंटर अब और अधिक किफायती, स्टाइलिश और टेक्नॉलॉजिकल रूप से उन्नत हो गई है.